जनपद हमीरपुर

दिनांक 11.06.2026

**अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की उपस्थिति में स्टेट लेवल फ्लड डिजास्टर मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन।**

आज दिनांक 11.06.2026 को राजकीय महाविद्यालय, कुछेछा हमीरपुर में आयोजित "स्टेट लेवल मॉक एक्सरसाइज ऑन फ्लड डिजास्टर" कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय एवं राहत-बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करना था।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों का आकलन किया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।